प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 23.10.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की आज अग्निशमन विभाग की समीक्षा : कहा– विभाग को आपदा प्रबंधन, रेस्क्यू ऑपरेशन और आपात सेवाओं के लिये किया जाये तैयार।
2. छठ पूजा पर रेलवे अगले पांच दिनों के दौरान चलायेगा 15 सौ विशेष रेलगाड़ियां : केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा–यात्रियों की सुविधा के लिये डिवीजन, जोनल और रेलवे बोर्ड स्तर पर बनाये गये हैं वॉररूम।
3. अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन और आरती का समय बदला : श्रद्धालु अब सुबह 7 से रात 9 बजे तक कर सकेंगे श्रीरामलला के दर्शन। और
4. श्रद्धा और उल्लास के साथ आज मनाया जा रहा भैया दूज का त्योहार : बहनें पूजा अर्चना कर भाइयों की लम्बी उम्र की कर रही है कामना।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अग्निशमन विभाग की समीक्षा के दौरान विभाग की संरचना को अधिक सशक्त, आधुनिक और संवेदनशील बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि फायर सर्विस को केवल आग बुझाने तक सीमित न रखकर इसे आपदा प्रबंधन, रेस्क्यू ऑपरेशन और आपात

सेवाओं के समेकित स्वरूप में विकसित किया जाए। पेश है एक रिपोर्ट.....

*अग्निशमन विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक रीजन में स्पेशलाइज्ड यूनिट गठित की जाए, जो केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियो लॉजिकल दुर्घटनाओं और सुपर हाईराइज बिल्डिंग में आपात परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हों। उन्होंने प्रत्येक जनपद में अकाउंट कैडर स्थापित करने और राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय में अतिरिक्त पद सृजित कर प्रशिक्षण और अनुसंधान को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। साथ ही एक्सप्रेस–वे पर बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री ने प्रत्येक 100 किलोमीटर की दूरी पर फायर टेंडर सहित एक छोटी फायर चौकी स्थापित करने के भी निर्देश दिए। समाचार कक्ष से शरद मिश्र।*

—————————

प्रदेश सरकार ने बेसिक और माध्यमिक शिक्षकों को तत्काल अपनी मूल तैनाती पर वापस जाने के निर्देश दिए हैं। सरकार के संज्ञान मेंआया था कि कि कई शिक्षक और अधिकारी शासन की अनुमति के बिना अन्य कार्यालयों में संबद्ध किए गए हैं। अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने अपने आदेश में कहा है कि शिक्षक व अन्य अधिकारी अपनी मूल तैनाती पर जाने के साथ ही भविष्य में बिना शासन की अनुमति के कहीं और संबद्ध न किये जाएं।

—————————

रेलवे छठ पर्व पर एक अक्टूबर से 30 नवम्बर तक देशभर में बारह हजार से अधिक विशेष रेलगाडियां चला रहा है। इसी क्रम में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में रेल भवन के वॉर रूम से त्योहारों के

दौरान चलने वाली विशेष रेलगाडियों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से बातचीत की और छठ पूजा से पहले तैयारियों का जायजा लिया। श्री वैष्णव ने बताया कि त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिये देश भर में डिवीजन, जोनल और रेलवे बोर्ड स्तर पर वॉर रूम बनाये गये हैं। नियमित ट्रेन सेवाओं के अलावा अगले चार दिन तक प्रतिदिन औसतन 300 विशेष रेलगाडियों के साथ एक हजार पांच सौ विशेष रेलगाडियां चलाई जाएंगी। वहीं पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के डीआरएम गौरव अग्रवाल ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से रोजाना 30 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। बाइट.....

*रोज 30 से 40 ट्रेन एक्स्ट्रा चला रहे हैं जो दिवाली का बाद वाला सैटरडे संडे होता है और छठ से पहले वाला और छठ के बाद वाला वीकेंड पर करीब 40 के आस–पास ट्रेनें चल रही हैं और जो रेस्ट ऑफ द वीक डेज में करीब 30 ट्रेनें पर डे एक्स्ट्रा चल रही हैं।गोरखपुर में हमने पांच होल्डिंग एरिया बनाए हैं जिसमें करीब पांच से 6,000 आदमी एट एनी पॉइंट ऑफ टाइम 24 आवर्स बैठ सकते हैं पैसेंजर के बैठने के लिए, लेटने के लिए, सोने का अरेंजमेंट भी है।*

यात्रियों ने भी त्योहारों पर बेहतर अनुभव के लिए रेलवे की विशेष व्यवस्थाओं की सराहना की है। इटावा के चंद्रवीर सिंह ने कहा कि स्पेशल ट्रेनों की चलने से लोग सुगमता से यात्रा कर रहे हैं। बाइट.....

*जो स्पेशल ट्रेनें चलाई गई है, उसका फायदा यात्रियों को भी मिल रहा है और भीड़ नहीं है, मारामारी कम है। यह सरकार का बड़ा सराहनीय कदम*

*है जो कि यात्रियों के लिए बहुत अच्छा है। आराम से आदमी आ जा पा रहा है।*

**गोरखपुर के यात्री राजेश कुमार ने कहा कि रेलवे स्टेशन पर बने होल्डिंग एरिया में मौजूद सुविधाएं बहुत सराहनीय हैं। बाइट.....**

*मैं नेबुआ नौरंगिया पडरौना से आ रहा हूं और मेरे को पुणे जाना है। इधर व्यवस्था सब बढ़िया है। यात्रियों के आराम करने के लिए एकदम देखकर दिल गदगद हो गया। बैठने के लिए सब बढ़िया व्यवस्था किया गया है। देखकर मेरे को अच्छा लगा।*

————————

**छठ पर्व को लेकर प्रदेश भर में तैयारियां तेज़ हो गई हैं। छठ पूजा की शुरुआत 25 अक्टूबर को नहाय–खाय के साथ होगी। 26 को खरना होगा और 27 को डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पण किया जाएगा। 28 अक्टूबर की सुबह उगते सूर्य को अर्घ देकर छठ महापर्व का समापन होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 27 अक्टूबर को लखनऊ में सूर्य का पहला अर्घ देकर कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। पेश है एक रिपोर्ट......**

*लखनऊ में छठ पूजा का मुख्य आयोजन गोमती किनारे लक्ष्मण मेला मैदान में किया जाएगा। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के अध्यक्ष प्रभु नाथ राय ने बताया कि लखनऊ में 15 लाख से अधिक लोग छठ पूजा करेंगे। इस दौरान लक्ष्मण मेला मैदान में 200 से अधिक कलाकार लगातार 18 घंटे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। 28 अक्टूबर को पर्व का समापन होगा। वहीं वाराणसी में श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनज़र एनडीआरएफ की टीमें गंगा घाटों, सरोवरों और कुंडों पर तैनात रहेंगी। ये टीमें आवश्यक सुरक्षा उपकरणों, वॉटर एम्बुलेंस, गोताखोरों तथा अन्य बचाव साधनों से लैस रहेगी*

*,ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान की जा सके। चंदौली जिले में भी एनडीआरएफ की इकाइयां सक्रिय रहेंगी। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

——————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**प्रदेश के पूर्वी संभागों में पहली नवम्बर से धान खरीद होगी। यह खरीद चित्रकूट, कानपुर, अयोध्या, गोरखपुर, देवीपाटन, बस्ती, आजमगढ़, वाराणसी, मिर्जापुर व प्रयागराज संभाग में होगी। इसके साथ ही लखनऊ संभाग के लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव में भी पहली नवंबर से खरीद होगी, जो 28 फरवरी 2026 तक चलेगी। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक धान बिक्री के लिए किसान तेजी से पंजीकरण करा रहे हं। 23 अक्टूबर तक करीब 1 लाख 37 हज़ार से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है।**

——————————

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। आज हम आपको बता रहे हैं कि इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर जीएसटी कटौती  नागरिकों के लिए कितनी लाभकारी सिद्ध हो रही है। पेश है एक रिपोर्ट......

*जीएसटी सुधारों के तहत सरकार ने विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं पर करों में कमी की है। संशोधित जीएसटी ढांचों के तहत एयर कंडीशनर और टेलीविजन पर कर 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। मॉनिटर, प्रोजेक्टर और इलेक्ट्रिक संचायक पर कर 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथही डिश वॉशर पर जीएसटी कर 18 प्रतिशत होने से अब यह घरों के लिए किफायती हो गए हैं। प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर जीएसटी दरों को युक्ति संगत बनाना भारत के घरेलू विनिर्माण तंत्र को मजबूत करने के साथ ही उपभोक्ताओं की सामर्थ बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है। रोहन के साथ आदित्य प्रताप सिंह, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन के समय में बदलाव किया गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने शीतकालीन समय सारिणी जारी की है जिसके अनुसार अब श्रद्धालु सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक श्रीरामलला के दर्शन कर सकेंगे।

———————

भाई बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक पर्व भैया दूज आज पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बहनें पूजा अर्चना कर भाईयों की लम्बी उम्र की

कामना कर रही हैं। भैया दूज पर आज बड़ी संख्या भाई बहनों ने मथुरा के विश्राम घाट पर यमुना नदी में स्नान कर पूजा अर्चना की। पेश है एक रिपोट......

*मथुरा में भैया दूज के दिन यम की फांस से मुक्ति की कामना लेकर भाई बहन यमुना में डुबकी लगाते हैं। मथुरा के यमुना तट पुण्य विश्राम घाट पर यमुना धर्म राज का प्राचीन मंदिर है। स्नान के बाद भाई बहन इनका दर्शन करते हैं। यमुना जी को वस्त्र श्रृंगार सामग्री और धर्मराज को काला वस्त्र अर्पित करते हैं। भीड़ को देखते हुए यमुना घाटों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। उमर कुरैशी आकाशवाणी समाचार मथुरा।*

——————————

मौसम विभाग ने तीन दिनों के भीतर प्रदेश के न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक गिरावट की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होगा। विभाग द्वारा अट्ठाइस अक्टूबर तक प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी संभाग में मौसम क शुष्क रहने की संभावना भी व्यक्त की गई है।

(समाप्त)